मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-101
23/03/2022

शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह को राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 23 मार्च 2022 :– शहीद–ए–आजम सरदार भगत सिंह के शहादत दिवस पर उन्हें शत्–शत् नमन किया गया। उनकी अमर कुर्बानियों को यादकर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित की गयी।

शहीद–ए–आजम के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मुख्य राजकीय समारोह का आयोजन कारगिल चौक के पूरब शहीद–ए–आजम भगत सिंह के प्रतिमा स्थल प्रांगण में आयोजित किया गया, जहॉ पर राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शहीद–ए–आजम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उन्हें शत्–शत् नमन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता तथा गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद–ए–आजम की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सशस्त्र पुलिस बल द्वारा शोक सलामी अर्पित की गयी तथा उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद–ए–आजम स्व0 भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

******